सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-582
31/12/2018

मुख्यमंत्री ने परम पावन दलाई लामा से की मुलाकात

पटना, 31 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बोधगया में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर परम पावन दलाई लामा ने मुख्यमंत्री को खादा भेंट की तथा उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

परम पावन दलाई लामा से भेंट करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर जाकर भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री महाबोधि वृक्ष के नीचे जाकर पुष्प अर्पित कर महाबोधि वृक्ष को नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से बी0टी0एम0सी0 के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा नववर्ष का कैलेंडर, महाबोधि मंदिर पर चढ़ाए गए फूल से बनाया गया डाई पाउडर और उससे बनाये गए रंग से रंगा हुआ कपड़ा भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर के नए निकास द्वार का भी अवलोकन किया तथा निकास द्वार के समीप अंदर घेरे के निचले हिस्से में सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार, गया के जिलाधिकारी श्री अभिषेक सिंह, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री विनय कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बी0टी0एम0सी0 के सचिव श्री एन0 दोरजी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

****